पंजाब में बेरोजगार युवाओं की संख्या

3254. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय पंजाब में स्नातकों, स्नातकोत्तरों, चिकित्सा स्नातकों, इंजीनियरी स्नातकों, डिप्लोमा इंजीनियरों तथा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रमाण पत्र धारकों तथा अन्य योग्यता प्राप्त बेरोजगार युवाओं की संख्या कितनी-कितनी है; और

(ख) इन बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान कराने की क्या-क्या योजनाएं हैं ?

श्रम संत्रालय में उपमंत्री (श्री पवन सिंह घटोवर) : (क) 30.9.1991 की स्थिति के अनुसार पंजाब में रोजगार कार्यालयों के चालू रजिस्टर पर पंजीकृत रोजगार चाहने वाले व्यक्तियों, यह अनिवार्य नहीं कि उनमें से सभी बेरोजगार हों, की वर्गवार संख्या निम्न प्रकार है :-

वर्ग	संख्या
1. चालू रजिस्टर पर रोजगार चाहने वाले कुल व्यक्ति . .	7,31,106
2. शिक्षित (मैट्रिक और इससे ऊपर)	4,61,017
3. उपर्युक्त क्रमांक–2 का ब्यौरा	
(i) स्नातक इन्जीनियर	856
(ii) डिप्लोमा इन्जीनियर	6,905
(iii) शिल्पकार (इनमें 30,800 आई. टी. आई. प्रमाण-पत्र धारक शामिल हैं) .	34,579
(iv) डाक्टर .	495
(v) पैरा मेडिकल .	3,375
(vi) कृषि स्नातक/स्नातकोत्तर	980
(vii) पशु-चिकित्सा कार्मिक .	14
(viii) अध्यापक .	51,190
(ix) नए व्यक्ति (तकनीकी प्रशिक्षण के बिना डिग्री)	
(क) मैट्रिकुलेट .	2,21,649
(ख) इन्टरमीडिएट सहित हायर सेकेण्डरी	45,193
(ग) स्नातक .	44,720
(घ) स्नातकोत्तर .	12,262
(ङ) अन्य शिक्षित (मैट्रिक और इससे ऊपर) जो उपर्युक्त में शामिल नहीं हैं। .	40,809

(ख) सामान्य विकास कार्यक्रमों के अलावा, केन्द्रीय तथा राज्य सरकारें बेरोजगारी के बैकलॉग को क्लीयर करने के लिए विशेष रोजगार कार्यक्रम आरंभ कर रही हैं। संभावित रोजगार सृजन के साथ विशेष रोजगार। / स्व:रोजगार योजनाओं/कार्यक्रमों के ब्यौरे संलग्न अनुलग्नक में दिए गए हैं।

(*See* Appendix CLXI, Annexure No. 74).

Ocean Development Programme for Tamil Nadu

3255. SHRI TINDIVANAM K. VENKATARAMAN: Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether there is any scheme under Government's consideration to carry out ocean development in Tamil Nadu during 1991 to 1992;

(b) if so, by when Government propose to launch the programme; and

(c) if not, the reasons therefor?